NBT नवभारत टाइम्स
गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

'बहरा, नपुंसक बना सकता है आपका सेलफोन' देखें अंदर

आम्रपाली की प्रॉपर्टियां बेचने का सुप्रीम आदेश देखें अंदर

जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा रेलवे जंक्शन

अथॉरिटी ने मास्टर प्लान में दी जगह, यूपी और हरियाणा के शहरों को जोड़ने की तैयारी शुरू

■ **महकार भाटी, ग्रेटर नोएडा**

जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट को यूपी और हरियाणा के शहरों से रेलमार्ग से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। हरियाणा के पलवल और यूपी के खुर्जा तक नई रेलवे लाइन बनाई जाएगी। यह लाइन जेवर एयरपोर्ट के पास से होकर निकलेगी। एयरपोर्ट के पास रेलवे का जंक्शन बनाया जाएगा। जिससे यहां आने जाने वाले लोगों को आसानी हो। एजेंसी से सर्वे कराने के बाद नई रेलवे लाइन और जंक्शन बनाने के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। नई रेलवे लाइन के लिए मास्टर प्लान में जगह चिह्नित कर दी गई है। एयरपोर्ट को दिल्ली एनसीआर और वेस्टर्न यूपी के शहरों से जोड़ने के लिए मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्विटी तैयार की जा रही है। यूपी, हरियाणा,राजस्थान और दिल्ली एनसीआर से सटे शहरों से लोग रेल मार्ग से जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट तक पहुंच सकें, इसके लिए यह तैयारी है।

"एयरपोर्ट के लिए सबसे अधिक यात्री दिल्ली एनसीआर के शहरों से मिलने का अनुमान है। जेवर में इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। वहां तक पहुंचने के लिए अभी तक कोई मार्ग नहीं है। रेलवे, मेट्रो, सड़क, पॉड टैक्सी, हाइपर लूप, ट्रॉम, रैपिड बस ट्रांसपोर्ट के लिए एजेंसी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। नई रेलवे लाइन और जंक्शन बनाने के लिए एजेंसी की रिपोर्ट आने के बाद रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा।
–शैलेंद्र भाटिया, प्रभारी, नोडल एजेंसी, जेवर एयरपोर्ट